adda247 publications

BOOKS

Visit: publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**

SBI PO Prelims 2019 Memory Based (Question)

संख्यात्मक अभियोग्यता

36. चार वर्ष बाद, A और B की आयु का योग, B और C की वर्तमान आयु के योग से 16 वर्ष अधिक होगी। चार वर्ष पहले A और C की आयु का योग 32 वर्ष था, तो C की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।
(a) 24 वर्ष
(b) 20 वर्ष
(c) 12 वर्ष
(d) 16 वर्ष
(e) 18 वर्ष

37. एक व्यक्ति दो वस्तुएं समान कीमत पर खरीदता है और पहली वस्तु बेचने पर उसे 12% का लाभ होता है। दूसरी वस्तु का विक्रय मूल्य, पहली वस्तु के विक्रय मूल्य से 90 रु. अधिक है। एक वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए यदि उसका कुल लाभ प्रतिशत 15% है?
(a) 1800 रु.
(b) 1500 रु.
(c) 2000 रु.
(d) 2400 रु.
(e) इनमें से कोई नहीं

38. शांत जल में नाव की गति का धारा की गति से अनुपात 10: 1 है। धारा के अनुकूल में D किमी तय करने के लिए नाव द्वारा लिया गया समय का धारा के प्रतिकूल में (D-45) किमी तय करने के लिए नाव द्वारा लिए गये समय से अनुपात 3: 2 है। तो D का मान ज्ञात कीजिए।
(a) 60 किमी
(b) 87 किमी
(c) 99 किमी
(d) 108 किमी
(e) 90 किमी

39. एक कंटेनर में दूध और पानी का मिश्रण है, जिसमें 24% पानी है। मिश्रण का 50% निकाला लिया जाता है जिसमें पानी, दूध की तुलना में 78 लीटर कम है। उस कंटेनर में दूध की शेष मात्रा ज्ञात कीजिये।
(a) 171 लीटर
(b) 152 लीटर
(c) 133 लीटर
(d) 108 लीटर
(e) 114 लीटर

40. एक त्रिभुज का परिमाप, एक आयत के परिमाप के बराबर है। आयत की लंबाई, एक वर्ग की भुजा का 75% है और आयत की लम्बाई का चौड़ाई से अनुपात 3: 2 है। यदि वर्ग के परिमाप और आयत के परिमाप के बीच का अंतर 36 सेमी है, तो त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।

(a) 60 सेमी
(b) 48 सेमी
(c) 72 सेमी
(d) 80 सेमी
(e) 96 सेमी

निर्देश (41-45): नीचे दिया गया पाई चार्ट, जो विभिन्न दिनों पर एक राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले व्यक्तियों की संख्या को दर्शाता है और तालिका इन उद्यानों में जाने वाले पुरुष का महिला से अनुपात को दर्शाती है



दिन	पुरुष : महिला
शुक्रवार	2 : 3
शनिवार	5 : 7
रविवार	5 : 4

41. यदि सोमवार को राष्ट्रीय उद्यान जाने वाले पुरुषों की संख्या, शनिवार को राष्ट्रीय उद्यान जाने वाले पुरुषों की तुलना में 20% की वृद्धि हुई है और सोमवार को राष्ट्रीय उद्यान जाने वाली महिलाएं, शुक्रवार को जाने वाली महिलाओं की तुलना में $33\frac{1}{3}$% अधिक है, सोमवार को राष्ट्रीय उद्यान जाने वाले कुल व्यक्ति ज्ञात कीजिए।

(a) 145
(b) 165
(c) 140
(d) 160
(e) 150

42. रविवार और शनिवार को एकसाथ राष्ट्रीय उद्यान जाने वाली कुल महिलाएं, शुक्रवार और रविवार को एकसाथ राष्ट्रीय उद्यान जाने वाले कुल पुरुष की तुलना में कितना प्रतिशत अधिक या कम है?

(a) $33\frac{1}{3}\%$
(b) $14\frac{2}{7}\%$
(c) $16\frac{2}{3}\%$
(d) $14\frac{1}{7}\%$
(e) $7\frac{1}{7}\%$

43. इन सभी दिनों में राष्ट्रीय उद्यान जाने वाले पुरुषों का औसत कितना है?

(a) $63\frac{1}{3}$
(b) $65\frac{2}{3}$
(c) $49\frac{2}{3}$
(d) $45\frac{1}{3}$
(e) $66\frac{2}{3}$

44. यदि किसी भी दिन प्रति पुरुष और प्रति महिला टिकट की कीमत क्रमश: 45 रुपये और 40 रुपये है, तो शुक्रवार को राष्ट्रीय उद्यान द्वारा प्राप्त कुल राशि, रविवार को राष्ट्रीय उद्यान द्वारा प्राप्त कुल राशि से कितनी अधिक या कम है?(रु.में)

(a) 2800
(b) 3500
(c) 3000
(d) 3200
(e) 4200

45. शुक्रवार को उद्यान आने वाले पुरुषों का शनिवार को उद्यान आने वाली महिलाओं से अनुपात कितना है?

(a) 4 : 5
(b) 7 : 3
(c) 3 : 7
(d) 4 : 7
(e) 7 : 4

निर्देश (46–50): दिए गए द्विघात समीकरणों को हल कीजिए और अपने उत्तर के आधार पर सही विकल्प चुनिए।

(a) यदि $x>y$
(b) यदि $x\geq y$
(c) यदि $x<y$
(d) यदि $x\leq y$
(e) यदि $x = y$ या x और y के बीच कोई सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकता है

46. I. $x^2 - 14x + 45 = 0$
II. $y^2 - 18y + 72 = 0$

47. I. $x^2 + 7x + 12 = 0$
II. $y^2 + 9y + 20 = 0$

48. I. $4x^2 - 7x + 3 = 0$
II. $7y^2 - 17y + 6 = 0$

49. I. $2x^2 - 19x + 45 = 0$
II. $2y^2 - 9y + 4 = 0$

50. I. $x^2 = 144$
II. $(y + 12)^2 = 0$

निर्देश (51-55)- नीचे दिए गए बार-ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

नीचे दिए गए बार-ग्राफ में पाँच स्टोर द्वारा दो प्रकार अर्थात् : मल्टीग्रेन और होल-वीट के बेचे गए आटे के पैकेटों की संख्या दर्शायी गयी है।



51. स्टोर C द्वारा बेचे गए पैकेटों की कुल संख्या, स्टोर E द्वारा बेचे गए पैकेटों की संख्या से लगभग कितने प्रतिशत अधिक या कम है?
(a) 3%
(b) 5%
(c) 12%
(d) 23%
(e) 17%

52. स्टोर A और D द्वारा मिलाकरमल्टीग्रेन के बेचे गए पैकेटों की संख्या का स्टोर A और E द्वारा मिलाकर होल वीट के बेचे गये पैकेट की संख्या से अनुपात कितना है?
(a) 2 : 1
(b)73 : 58
(c)43 : 41
(d)41 : 23
(e)इनमें से कोई नहीं

53. स्टोर A और B द्वारा मिलाकर बेचे गये मल्टीग्रेन के पैकेट, स्टोर C और D द्वारा मिलाकर बेचे गये होल वीट के पैकेट से कितने प्रतिशत अधिक या कम है?
(a) 25%
(b) 20%
(c) 30%
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) 35%

54. यदि अन्य स्टोर F मल्टीग्रेन पैकेट बेचता है जो स्टोर C,D और E द्वारा बेचे गए मल्टीग्रेन पैकेटों की संख्या का औसत है और बेचे गये होल वीट के पैकेट की संख्या, स्टोर A और E द्वारा बेचे गए होल वीट पैकेटों की संख्या का औसत है। यदि स्टोर B प्रत्येक पैकेट 240 रुपये में और स्टोर F प्रत्येक पैकेट को, B द्वारा बेचे गये प्रत्येक पेकेट से 20% अधिक में बेचता है तो स्टोर F द्वारा एकत्र की गई कुल कीमत ज्ञात कीजिए। (a) 24246 रु.
(b) 28246 रु.
(c) इनमें से कोई नहीं
(d) 36864 रु.
(e) 32863 रु.

55. सभी स्टोरों द्वारा मिलाकर बेचे जाने वाले मल्टीग्रेन के पैकेट की कुल संख्या और सभी स्टोर द्वारा मिलाकर बेचे गये होल वीट के पैकेटों की संख्या में कितना अंतर है?
(a)48
(b)54
(c)42
(d)36
(e)24



निर्देश (56-60): निम्नलिखित संख्या श्रृंखला (?) के स्थान पर क्या आएगा?

56. 200, 197, 185, 163, 130, ?
(a) 95
(b) 85
(c) 105
(d) 86
(e) 84

57. 15, 8, 9, 15, 32, ?
(a) 98
(b) 66
(c) 80.5
(d) 82.5
(e) 84.5

SBI PO MAINS 2019
PRIME
With Video Solutions
25+ Total Tests
✓10 Full Length Mocks
✓2 Previous Years Papers
✓15 Section Wise Practice Sets
✓eBooks
BILINGUAL

58. 5, 30, 150, 600, ?
(a) 1200
(b) 1500
(c) 2400
(d) 1800
(e) 600

59. 222, 110, 54, 26, ?
(a) 10
(b) 12
(c) 8
(d) 6
(e) 14

60. 104, ?, 96, 120, 88, 128
(a) 112
(b) 96
(c) 116
(d) 120
(e) 92

61. A, एक स्कीम में X रु. का निवेश करता है। 6 महीने बाद, B, A की तुलना में 4000 रु. से अधिक के साथ शामिल होता है। एक वर्ष के बाद, B के लाभ का कुल लाभ से अनुपात 3: 7 होगा। X का मान ज्ञात कीजिए।
(a) 4000
(b) 8000
(c) 1600
(d) 6000
(e) 10000

62. 1500 रुपये, एक स्कीम A में साधारण ब्याज की R% वार्षिक दर पर निवेश किये जाते हैं। (1500 - x) रु. की एक अन्य राशि स्कीम B में साधारण ब्याज की 2R % वार्षिक दर पर निवेश की जाती है। 4 वर्ष बाद, स्कीम A से अर्जित ब्याज, स्कीम B से अर्जित ब्याज से 25% कम है। x ज्ञात कीजिए।
(a) 500
(b) 600
(c) 900
(d) 1000
(e) 1200

63. एक कार्य 40 पुरुष, 48 दिनों में कर सकते हैं। समान कार्य 64 पुरुष, x दिनों के लिए शुरू करते हैं। x दिनों के बाद, 32 पुरुषों की वृद्धि होती है, अतः, शेष कार्य 16(2/3) दिनों में पूरा होता है। x ज्ञात कीजिए।
(a) 5
(b) 8
(c) 10
(d) 6
(e) इनमें से कोई नहीं

64. यदि एक बेलन के आधार का परिमाप 66 सेमी है। यदि उसकी ऊँचाई 0.04 मी है, तो बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।
(a) 1111 घन.सेमी
(b) 1386 घन.सेमी
(c) 2046 घन.सेमी
(d) 1186 घन.सेमी
(e) 2002 घन.सेमी

65. एक 175 मीटर लंबी ट्रेन 'P', एक खम्भे को 8.75 सेकंड में पार करती है। ट्रेन 'P', ट्रेन 'Q' को $\frac{60}{7}$ सेकंड में पार करती है जो 'P' के विपरीत दिशा में है , यदि ट्रेन 'Q' की लंबाई 225 मीटर है, तो किस समय में ट्रेन 'Q', ट्रेन 'P' को पार करेगी, जब समान दिशा में चल रही हैं?
(a) 55 सेकंड
(b) 50 सेकंड
(c) 45 सेकंड
(d) 60 सेकंड
(e) 35 सेकंड

निर्देश (66-70): दी गयी जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3 पिज़्ज़ा शॉप A, B और C वेज पिज़्ज़ा और नॉन वेज पिज़्ज़ा बेचते हैं। पिज्जा की दुकान A द्वारा बेचे गये वेज पिज़्ज़ा और नॉन पिज्जा की संख्या के बीच क्रमिक अनुपात 9: 7 था और जो शॉप B द्वारा बेचे गये पिज्जा का 3: 4 था। पिज्जा की शॉप C द्वारा बेचे जाने वाले पिज्जा (वेज + नॉन वेज) की कुल संख्या 108 थी और पिज्जा शॉप C द्वारा बेचे गये वेज और नॉन वेज पिज्जा की संख्या के बीच क्रमिक अनुपात 7 : 5 था, सभी तीन पिज्जा शॉप द्वारा बेचे गए पिज्जा की कुल संख्या 376 थी। पिज्जा शॉप A द्वारा बचे गये वेज पिज्जा, पिज्जा शॉप B द्वारा बेचे गये वेज पिज्जा से 20% अधिक थे

66. यदि शॉप B द्वारा बेचा गया प्रत्येक वेज पिज्जा और प्रत्येक नॉन-वेज पिज्जा की कीमत क्रमशः 200 रुपये और 300 रुपये है, तो दुकान B द्वारा प्राप्त कुल राशि ज्ञात कीजिए। (रु. में)
(a) 40,000
(b) 36000
(c) 48000
(d) 32000
(e) 44000

67. शॉप A और C द्वारा मिलाकर बेचे गये वेज पिज़्ज़ा का शॉप B और C द्वारा मिलाकर बेचे गए नॉन-वेज पिज़्ज़ा से अनुपात कितना है?
(a) 27 : 25
(b) 27 : 29
(c) 29 : 27
(d) 25 : 27
(e) 23 : 25

68. सभी दुकानों द्वारा बेचे जाने वाली वेज पिज्जा का औसत कितना है?
(a) 61
(b) 68
(c) 62
(d) 60
(e) 65

69. दुकान A और C द्वारा बेचे जाने वाले कुल वेज पिज्जा, दुकान B और C द्वारा बेचे जाने वाले कुल नॉन-वेज पिज़्ज़ा का कितना प्रतिशत है?
(a) 113%
(b) 108%
(c) 109%
(d) 112%
(e) 116%

70. यदि दुकान B द्वारा बेचे गये वेज पिज़्ज़ा की कीमत में $33\frac{1}{3}\%$ वृद्धि की जाती है और दुकान A द्वारा बेचे जाने वाले नॉन-वेज पिज़्ज़ा में 75% वृद्धि की जाती है, तो वृद्धि के बाद, B द्वारा बेचे जाने वाले वेज पिज़्ज़ा और A द्वारा बेचे जाने वाले नॉन वेज पिज़्ज़ा का योग कितना है?
(a) 178
(b) 186
(c) 198
(d) 200
(e) 182